<u>संख्या-01/2018/300/33-2-2018-15जी/2018</u>

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 18 जनवरी, 2018

विषय- जिला पंचायत के कार्यालयों में डा0 भीमराव रामजी अम्बेडकर जी का चित्र लगाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सूचना अनुभाग-1 के पत्र संख्या- 3/2017/2586/उन्नीस-1-2017-333/2017, दिनांक 28-12-2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 06-12-2017 को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा यह घोषणा की गयी है कि "प्रदेश सरकार के राज्य सचिवालय, विधान सभा, विधान परिषद सहित राज्य सरकार की सभी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों/ परिषदों के कार्यालयों व शैक्षिणक संस्थाओं में डा0 भीमराव रामजी अम्बेडकर जी का चित्र लगाया जायेगा।"

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया जिला पंचायतों के कार्यालयों में डा0 भीमराव रामजी अम्बेडकर जी का चित्र लगाये जाने के सम्बन्ध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि डा0 भीमराव रामजी अम्बेडकर जी के चित्र के नीचे उनकी जन्म तिथि एवं निर्वाण तिथि अनिवार्य रूप से अंकित हो।

उक्त आदेशों का कढाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपने कार्यालय में भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

आज्ञा से,

(अवधेश कुमार खरे)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।
http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।